हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 9 सितंबर 2025

06 मक्का-सोयाबीन की एमएसपी खरीदी...

07 अनंत चतुर्दशी चल समारोह में आकर्षक झांकियों ...




## खबर संक्षेप

### शा. महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में रोजगार मेला आज

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 9 सितंबर को डॉ. अम्बेडकर शासकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 11 बजे रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगभग 700 पदों पर युवाओं की भर्ती की जाएगी। इसके साथ ही जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा एवं नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। मेले में शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेन्टिसशिप के लिए युवाओं का चयन भी किया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के ऑफलाइन नवीन आवेदन की अंतिम तिथि 18 सितंबर

**सीहोर।** शैक्षणिक सत्र 2024-25 एवं 2025-26 के अंतर्गत विमुक्त घुमन्तु और अर्द्ध घुमन्तु समुदाय के विद्यार्थियों के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के ऑफलाईन नवीन आवेदन प्रारंभ हो गए है, जिसकी अंतिम तिथि 18 सितंबर 2025 है।

### राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा आज भैरुंदा में

**सीहोर।** राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा 9 सितंबर को भोपाल से प्रस्थान कर दोपहर 01.45 ग्राम चकलदी तहसील भैरूदा पहुंचेंगे और स्थानीय कार्यक्रम में शामिल होगे। इसके पश्चात राजस्व मंत्री श्री वर्मा दोपहर 02.45 बजे ग्राम चकलदी से भोपाल के लिए प्रस्थान करेंगे।

### पिछले 24 घंटे में 0.4 एमएम औसत बारिश

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 0.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 3, मिलीमीटर, श्यामपुर में 0, आष्टा में 0, जावर में 0, इछावर में 0, भैरूंदा में 0, बुधनी में 0, रेहटी में 0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में 1 जून से 8 सितम्बर को सुबह 8 बजे तक 934.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। गत वर्ष इसी अवधि में औसत वर्षा 969.9 मिलीमीटर थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से 8 सितम्बर 2025 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र सीहोर में 850, मिलीमीटर, श्यामपुर में 868, आष्टा में 708, जावर में 690.6, इछावर में 867.3, भैरूंदा में 984, बुधनी में 1308 तथा रेहटी में 1199.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# अक्टूबर महीने में सीहोर आएंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी !

### जिला मुख्यालय पर आयोजित होगा चार दिवसीय किसान सम्मेलन



**सीहोर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक बार फिर सीहोर की धरती पर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि अगले माह अक्टूबर में जिला मुख्यालय पर विराट किसान सम्मेलन का आयोजन होने जा रहा है। यह कार्यक्रम चार दिवसीय रहेगा, जिसमें किसी एक दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी सम्मिलित होंगे। पीएम मोदी की अगवानी की खबर के बाद से जिला प्रशासन भी अलर्ट मोड पर आ गया है। बता दें प्रदेश की मोहन यादव सरकार की मंशा अनुसार प्रदेश में किसान सम्मेलन का आयोजन होना है। इस आयोजन को लेकर सीहोर जिला चिहिन्त किया गया है। यह किसान सम्मेलन 12, 13, 14 और 15 अक्टूबर को चार दिनों तक चलेगा।

इस दौरान किसी भी एक दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास किया जा रहा है। पीएम मोदी के संभावित आगमन को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा और व्यवस्था के मद्देनजर तैयारियां शुरू कर दी हैं।

### तीन आईएएस अफसरों ने देखी संभावित जगहें

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पीएम मोदी के कार्यक्रम के लिए जगह का चयन करने के लिए तीन आईएएस अफसरों की एक टीम ने सीहोर का दौरा किया है। इस टीम ने जिला मुख्यालय पर तीन प्रमुख स्थानों का निरीक्षण किया।

### जगह न मिली तो बदल सकती है जगह

सूत्रों के अनुसार अगर किसी कारणवश सीहोर जिला मुख्यालय पर पर्याप्त जगह नहीं मिल पाती है तो यह कार्यक्रम रायसेन या भोपाल में स्थानांतरित किया जा सकता है। हालांकि प्रशासन की पहली प्राथमिकता सीहोर में ही कार्यक्रम को आयोजित करना है।

एसडीएम तनमय वर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री के आगामी दौरे को लेकर कार्यक्रम स्थल के चयन के लिए कुछ जगहों का निरीक्षण किया है, लेकिन अभी तक कोई जगह तय नहीं हुई है।

### इन संभाजित स्थानों पर आयोजन

- शेरपुरः यह वही जगह है जहां पहले भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम आयोजित हो चुका है। यहां विशाल मैदान होने के कारण बड़ी सभाओं के लिए यह एक उपयुक्त विकल्प है।
- सोया चौपालः यह स्थान किसानों से सीधा जुड़ाव रखता है। यह स्थान पर भी इंदौर-भोपाल हाईवे से जुड़ा है, जिससे सम्मेलन में आने जाने वाले किसानों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़ा।
- आरएके कृषि कॉलेजः कृषि कॉलेज का परिसर भी एक बड़ा विकल्प है, जहां सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाएं आसानी से संभाली जा सकती हैं।

### बीते 15 दिनों से जिलेभर के किसान बीमा क्लेम राशि के लिए अलग-अलग तरह से कर रहे आंदोलन

# प्रदर्शनः बीमा कंपनी के खिलाफ आक्रोशित किसानों ने थाली बजाकर और फसल लहराकर लगाए नारे

### हाथों में खराब सोयाबीन की खराब फसल, एक किमी लंबी किसानों की कतार आक्रोश व्यक्त करते निकली गांव से

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





खराब फसलों की बीमा राशि नहीं मिलने को लेकर किसानों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा जी के नेतृत्व में लगभग हर दिन किसी ने किसी गांव में खराब सोयाबीन की फसल के मुआवजे और बीमा राशि को लेकर आक्रोश व्यक्त किया जा रहा है। ग्राम बिजोरा में किसान एकत्रित हुए। जिसमें बच्चे, बड़े, युवा, बुजुर्ग, महिला, पुरुष सभी शामिल थे। एक किमी लंबा रेला गांव के विभिन्न मार्गो से निकलकर करीब पांच किमी से अधिक तक पैदल चला। इस दौरान थाली बजाते हुए आक्रोश व्यक्त करते हुए निकला। सभी के चेहरों पर आक्रोश साफ झलक रहा था। किसानों ने ठान लिया है कि जब तक किसानों को बीमा राशि नहीं मिलती है। प्रदर्शन चलता रहेगा।

जिले के ग्राम बिजोरा में किसानों का गुस्सा एक बार फिर सड़कों और खेतों में दिखाई दिया। खराब हुई फसलों की बीमा राशि की मांग को लेकर ग्रामीणों ने गांव से लेकर खेतों तक लगभग लंबी रैली निकाली। इस रैली में सिर्फ किसान ही नहीं बल्कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए। हाथों में खराब सोयाबीन की फसल लेकर किसान थाली बजाते हुए नारेबाजी कर रहे थे और बीमा कंपनियों से 5 साल से खराब हो रही फसलों की बीमा राशि देने की मांग कर रहे थे।

आंदोलन का नेतृत्व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा कर रहे हैं। उनका कहना है कि बीते 15 दिनों से जिलेभर के किसान अलग-अलग तरीकों से आंदोलन कर रहे हैं। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के गांव से लेकर सीहोर जिले के केंद्रीय कृषि मंत्री के गृह जिले सीहोर के गांव एवं शाजापुर जिले के जिले के ग्रामीण किसान कोई नदी में जल सत्याग्रह कर रहा है, कोई पानी की टंकी पर चढ़कर विरोध जता रहा है तो कई किसान खेतों में लेटकर प्रदर्शन कर रहे हैं। लगातार पांच वर्षों से सोयाबीन की फसल खराब हो रही है, लेकिन बीमा कंपनियों और प्रशासन की ओर से अब तक किसी तरह का सर्वे नहीं किया गया। यहां तक कि किसी भी अधिकारी ने गांव पहुंचकर किसानों से हालात की जानकारी लेने की कोशिश तक नहीं की। उन्होंने बताया कि इससे पहले किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली में खराब फसल लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचे थे और प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री तथा कृषि मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर शीघ्र सर्वे व बीमा राशि दिलाने की मांग कर चुके हैं। लेकिन प्रशासन और बीमा कंपनियों की चुप्पी से किसानों में आक्रोश लगातार बढ़ रहा है।

## ढोल-अखाड़ों संग ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



नगर में मुस्लिम त्योहार कमेटी ने सोमवार को ईद मिलाद उन नबी का जुलूस निकाला। यह जुलूस पैगंबर मोहम्मद की यौमे पैदाइश के अवसर पर आयोजित किया गया। गणेशोत्सव और प्रशासन के दिशानिर्देशों को देखते हुए जुलूस की तारीख आगे बढ़ाई गई थी। मूल रूप से यह त्योहार 5 सितंबर को मनाया गया था। कमेटी के संरक्षक नौशाद खान के अनुसार, जुलूस दोपहर में छावनी सराय से शुरू हुआ।

यह गांधी रोड, नमक चौराहा, लाल मस्जिद और कोतवाली चौराहा होते हुए आगे बढ़ा। फिर पुराना बस स्टैंड और मछली पुल से होकर मेन रोड के रास्ते तहसील चौराहे पर समाप्त हुआ। कसाई मंडी का जुलूस पुराने बस स्टैंड से कोतवाली चौराहा तक निकला। कस्बे का जुलूस कचेरी से शुरू होकर भोपाली फाटक और गांधी रोड होते हुए सराय तक पहुंचा। जुलूस में ढोल और अखाड़े शामिल रहे। मुस्लिम त्योहार कमेटी के जिला अध्यक्ष अंसार पठान और नगर अध्यक्ष रेहान नवाब ने लोगों से जुलूस में शामिल होने की अपील की थी।

## छह शासकीय और एक निजी स्कूल तंबाकू मुक्त घोषित, कलेक्टर ने दिए प्रमाण-पत्र



**सीहोर।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थान बनाए जाने के दिशा निर्देश दिये गये हैं। कलेक्टर बालागुरू के. के निर्देश अनुसार जिले के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूल ओर कॉलेजों को तंबाकू मुक्त बनाए जाने की लिए प्रयास किया जा रहे हैं। वर्तमान में छह शासकीय एवं एक अशासकीय विद्यालय को तंबाकू मुक्त घोषित किया गया। इसी क्रम में

कलेक्टर बालागुरू के. की अध्यक्षता में टीएल बैठक में इन सातों विद्यालयों के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। भारत सरकार द्वारा तंबाकू मुक्त शैक्षिक संस्थाएं बनाए जाने के निर्देशों के तहत कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले की समस्त शैक्षिक संस्था प्रमुखों को कार्यवही करने और विद्यालय को तंबाकू मुक्त बनाये जाने की कार्यवही कि जाये इसी के तहत शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर के प्राचार्य सुनीता जैन, शासकीय कन्या कस्तूरबा के प्राचार्य नीना दुबे, शासकीय महारानी लक्ष्मी बाई कन्या उमावि सीहोर के प्राचार्य रुपश्री नागेश, शासकीय स्वामी विवेकानंद मंडी सीहोर के प्राचार्य हेमलता राठौर,शासकीय उमावि खंडवा के प्राचार्य हरिवंश पाठक, शासकीय हाई स्कूल जातखेड़ा के प्राचार्य मुकेश दुबे, अशासकीय ब्लू बर्ड हाई स्कूल के प्राचार्य जयंत दासवानी,इन सातों संस्था के प्राचार्य को प्रमाण पत्र वितरित किये। बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉक्टर नेहा जैन एवं स्वास्थ्य विभाग के सीएमएचओ डॉक्टर सुधीर डहेरिया, सिविल सर्जन डॉ.प्रबीण गुप्ता, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, जिला तंबाकू नियंत्रण अधिकारी डॉक्टर नेहा सिंह, शिक्षा विभाग के सहायक संचालक सलोनी शर्मा एवं संबंधित विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

### प्रधानमंत्री के आह्वान पर शहर में चलाया गया स्वदेशी अभियान

# अपने देश का पैसा देश में रहेगा और डॉलर दुनिया में औधे मुंह गिरेगाः सन्नी महाजन







हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

सोमवार को शहर के बाजारों में स्वदेशी अभियान चलाया गया। कार्यकर्ताओं ने वरिष्ठ भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन के नेतृत्व में दुकानों पर पहुंच कर यह स्वदेशी सामान मिलता है के बोर्ड लगाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने स्वदेशी अपनाओ देश बचाओ जैसे नारे भी लगाए। अटल बिहारी वाजपेई चौराहा से कोतवाली चौराहा और तहसील चौराहा तक विभिन्न प्रतिष्ठानों पर पहुंचकर दुकानदारों को महाजन के द्वारा स्वदेशी उत्पाद बेचने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। भाजपा कार्यकर्ताओ और दुकानदारों सहित नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता गौरव सन्नी महाजन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कूटनीतिक चाल चलते हुए रूस और चीन की मदद से अमेरिका को घुटनों पर ला दिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप के द्वारा 50 प्रतिशत टैरिफ लगाए जाने और देश की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने की कोशिश किए जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की जनता से देशी सामान प्रयोग करने का आह्वान किया है। जिससे कि अपने देश का पैसा देश में रहेगा और डॉलर दुनिया में औधे मुंह गिरेगा। महाजन ने कहा कि 2047 तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की अर्थव्यवस्था को दुनिया की सबसे लोकतांत्रिक सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहे हैं जिसके लिए हम सभी दुकानदारों आम नागरिकों को विदेशी सामान खाद्य पदार्थ कपड़े जूते इलेक्ट्रिक सामान सहीत सभी वस्तुओं का बहिष्कार करना है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करना है। स्वदेशी अभियान में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।


## सीहोर कलेक्टर की फर्जी फेसबुक आईडी से सनसनी, 6 हजार से अधिक लोग गुमराह, साइबर क्राइम में शिकायत

**सीहोर।** जिले में सोशल मीडिया पर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। अज्ञात व्यक्ति ने "डीसी सीहोर" नाम से फेसबुक पर फर्जी आईडी बना डाली। हैरानी की बात यह रही कि इस फेक आईडी को देखते ही देखते 6,600 से ज्यादा लोगों ने फॉलो कर लिया। मामला सामने आते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

जिला जनसंपर्क विभाग ने तत्काल स्पष्ट किया कि यह आईडी पूरी तरह फर्जी है। विभाग ने लोगों से अपील की कि किसी भी हाल में इस पेज को फॉलो न करें और न ही प्रतिक्रिया दें। साथ ही, फर्जी अकाउंट और असली आईडी "कलेक्टर ऑफिस सीहोर" के स्क्रीनशॉट साझा कर भ्रम दूर किया गया।

### साइबर क्राइम में शिकायत

प्रशासन ने फर्जी आईडी की गंभीरता को देखते हुए मामला तुरंत साइबर क्राइम यूनिट और फेसबुक प्रबंधन तक पहुंचाया। अधिकारियों को आशंका है कि इस फर्जी पेज का इस्तेमाल अफवाह फैलाने या अवैध गतिविधियों में किया जा सकता था। इसलिए इसकी जांच तेज कर दी गई है।




**नागरिकों से सतर्क रहने की अपीलः** जिला जनसंपर्क अधिकारी देवेंद्र ओगरे ने कहा कि किसी भी नई आईडी को फॉलो करने से पहले उसकी प्रामाणिकता की जांच करना जरूरी है। यदि कोई संदिग्ध अकाउंट दिखे तो तुरंत विभाग को सूचना दें। यह मामला डिजिटल युग में सतर्कता और जागरूकता की बड़ी नसीहत देता है।

## खबर संक्षेप

### धान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 से प्रारंभ

**सीहोर।** धान उपार्जन के लिए पंजीयन 15 सितम्बर 2025 से 10 अक्टूबर 2025 तक किया जाएगा। धान उपार्जन के लिए किसान अपना पंजीयन लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे, तहसील स्थित सुविधा केंद्र, ग्राम एवं जनपद पंचायत कार्यालय स्थित सुविधा केंद्र, सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान एप के माध्यम से करा सकते हैं। शासन के निर्देशानुसार सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसानों के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा। किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विकय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा तथा किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी। जनधन, अक्रियाशील, (विगत 6 माह से क्रियाशील न हो) संयुक्त बैंक खाते एवं फिनो, एयरटेल पेटीएम, एवं नाबालिग बैंकखाता पंजीयन में मान्य नहीं होगें। पंजीयन व्यवस्था में बेहतर सेवा प्राप्त करने के लिए यह जरूरी होगा कि किसान अपने आधार नंबर से बैंक खाता और मोबाइल नंबर को लिंक कराकर उसे अपडेट रखें। वन पट्टाधारी एवं सिकमी काश्तकार को पंजीयन के समय दस्तावेजों के साथ-साथ अनुबंध अथवा पट्टे की प्रति उपलब्ध करानी होगी। नवीन व्यवस्था में फसल बेचने के लिए किसान, निर्धारित पोर्टल से नजदीक के उपार्जन केन्द्र, तिथि और टाइम के लिए फसल अनुसार स्लॉट का चयन स्वयं कर सकेंगे।

### छात्रवृत्ति राशि अब सीधे विश्वविद्यालयों के खाते में डाली जाएगी


**सीहोर।** विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना के तहत छात्रवृत्ति की राशि अब सीधे उस विश्वविद्यालय या संस्थान के खाते में डाली जाएगी, जिसमें छात्र अध्ययनरत है। यह बात पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग आयुक्त ने कही। आयुक्त ने बताया कि इससे पारदर्शिता बढ़ेगी और छात्रों को उनकी छात्रवृत्ति का लाभ समय पर मिल सकेगा। आयुक्त ने छात्रों के हित में ये फैसला पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग छात्रवृत्ति से संबंधित लंबित प्रकरणों पर शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। चयनित नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत पात्र छात्रों को समय पर छात्रवृत्ति मिले, इसके लिए विशेष ध्यान दिया जाए।

### किसान संघ ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन, बारिश से फसल हुई बर्बाद अन्नदाता परेशान

# मक्का-सोयाबीन की एमएसपी खरीदी पंजीयन की घोषणा और खरीदी की व्यवस्था करे सरकार: संघ

किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारीयों ने किसानों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सोमवार को किसान स्वराज संगठन ने किसानों की समस्याओं को लेकर बैठक आयोजित की। बैठक के बाद एसडीएम कार्यालय पहुंचकर किसान संघ के पदाधिकारियों ने 10 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा। ज्ञापन में सोयाबीन, मक्का एमएसपी खरीदी को लेकर पंजीयन की तारीख की तय खरीदी की व्यवस्था जल्द ही सरकार करे। डीएपी,यूरिया खाद कमी, दूर करने,किसानों की मूंग की राशि किसानों के खातों में डालने,बारिश में फ़सल नष्ट होने पर बीमा, मुआवजा, राशि प्रदान सहित आदि मांगो को लेकर ज्ञापन दिया गया।

किसान स्वराज संगठन के पदाधिकारीयों ने किसानों की 10 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के नाम एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में मुख्य सोयाबीन मक्का की एमएसपी खरीदी की पंजीयन तारीख की जल्द ही घोषणा कर खरीदी करने की व्यवस्था बनाई जाए। क्षेत्र के किसान विगत कई माह से यूरिया और डीएपी खाद की कमी से जूझ रहे हैं , जिससे किसान चिंतित हैं सरकार जल्द ही यूरिया, डीएपी खाद की कमी को दूर कर किसानों की समस्याएं खत्म करे। मध्यप्रदेश में बरसात के दौरान अति वृष्टि ओला वृष्टि ने कई किसानों की सोयाबीन , मक्का सहित अन्य फसलें नष्ट हो गई है। जिसकी भरपाई करने किसानों के खेतों पर सर्वे करा कर बीमा योजनाओं का लाभ दिलाने, बीमा राशि उचित मुआवजा या रात राशि तत्काल प्रदान कराई जाए। ग्रामकालीन की एमएसपी पर किसानों की मूंग तुलाई की राशि का भुगतान नहीं हुआ जल्द ही उनके खातों में भुगतान की राशि पहुंचाई जाए। जिससे किसानों की समस्याएं खत्म हो सके, आगामी फसल की तैयारी करने उन्हें में सहूलियत मिल सके। विद्युत विभाग ने जिन किसानों के5 एचपी कनेक्शन हैउन्हें को 7 ,तो 7एचपी के कनेक्शन को 10 एचपी कनेक्शन में तब्दील कर केश बनाया गया है। तत्काल आदेश जारी कर बंद कराया जाए। वहीं किसानों के खेतों में झूल रहे बिजली के तार जिससे किसानों की फसलों को नुकसान उठाना पड़ता है। तारों को खिंचवाए और बिजली पोल सही करवा जाए।

नवीन कृषि ऊपज मण्डी का निर्माण कार्य धीमा चल रहा है। जल्द ही निर्माण कार्य में तेज़ी लाए। जिससे किसान अपनी फसल नवीन कृषि ऊपज मण्डी में नीलामी करा सके। बीते साल किसानों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ा। किसानों की ट्रालियां मुख्य सड़क किनारे लगाने पर मार्ग पर चक्काजाम की स्थिति उत्पन्न हुई थी। नवीन कृषि ऊपज मण्डी का निर्माण कार्य शीघ्र अतिशीघ्र कराया जाए जिससे किसानो को परेशानियों का सामना न करना पड़े। सिंचाई करने नदी नालों में स्टॉप डेमो के निर्माण कार्य कराया जाए तथा कोलार नदी पर बने झोलियापुर डेम को बड़ा बनाकर पानी रोका जाए। जिससे किसान की फसलों में सिंचाई के समय पानी पानी भरपूर मात्रा में मिल सके, गेहूं, मूंग सहित अन्य की फसलों में सिंचाई करने किसानों को नहर नदी में पानी मिल सके।

किसान स्वराज संगठन ने किसानों इन सभी मांगों सरकार को जल्द ही पूरी करे। अगरवोसरकार किसानों की मांगे जल्द ही पूरी नहीं करती,तो किसानों के साथ किसान संघ सड़कों पर उतर धरना प्रदर्शन ओर चक्काजाम करेगा। जिसकी जवाबदेही शासन प्रशासन की रहेंगी।

## अजामिल की कथा एक ब्राह्मण की है जो जीवन में कुसंगति के कारण पतित होकर डाकू बन गया: पंडित सुनील पाराशर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



अजामिल की कथा एक ब्राह्मण की है जो जीवन में कुसंगति के कारण पतित होकर डाकू बन गया, लेकिन मृत्यु के समय अपने पुत्र नारायण के नाम के उच्चारण से यमदूतों से मुक्ति पाकर वैकुंठ लोक चला गया। यह प्रसंग इस बात पर प्रकाश डालता है कि भगवन्नाम के प्रभाव से अंतिम समय में भी पापों से मुक्ति और मोक्ष मिल सकता है। उक्त विचार शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में पितृपक्ष सोलह श्राद्ध के अवसर पर जारी 16 दिवसीय धर्मसभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रद्धा भक्ति सेवा समिति की ओर से पंडित सुनील पाराशर ने कहाकि कलियुग में केवल नाम का जाप करने से ही मनुष्य का कल्याण हो सकता है। अजामिल की कथा इस बात का प्रमाण है।

नारायण की भक्ति से सराबोर होकर सारे काम करें तो निश्चय ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं। संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि नारायण की भक्ति से सराबोर होकर सारे काम करें तो निश्चय ही मोक्ष प्राप्त कर सकते हैं, अजामिल एक सीधा साधा ब्राह्मण था। बाजार गया जहां एक वेश्या को पत्नी बना लिया। पत्नी के खर्च को पूरा करने के लिए लूटपाट करने लगा और कुख्यात डाकू बन गया। एक बार संतों की टोली उसके गांव पहुंची तो अजामिल की पत्नी ने संतों की सेवा की। सुबह जब अजामिल आया तो संतों ने दक्षिणा मांगी कि अपने होने वाले पुत्र का नाम नारायण रखे। अजामिल राजी हो गया और पुत्र पैदा होने पर उसे नारायण ही पुकारने लगा। जब अजामिल का अंत समय आया, यमदूत उसे लेने आए तो अपने छोटे पुत्र नारायण को पुकारा। अंत समय में नारायण का नाम उच्चारण करने पर श्री हरि के दूत पहुंच गये और यमदूतों से छीनकर अजामिल को भगवान के पास ले गये। इस प्रकार संतों की कुछ पल की संगत से अजामिल को मोक्ष मिल गया। जैसा संग होगा, वैसा रंग चढ़ेगा। जब अजामिल का अंत समय आया तो नारायण का नाम सुनकर यम के दूत भाग गए और हरि के दूतों ने उसे भगवान के पास पहुंचाया। इसलिए संतो की संगति करनी चाहिए।

### जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की वार्षिक साधारण सभा 15 को आयोजित

**सीहोर।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित सीहोर की वार्षिक साधारण सभा दिनांक 15 सितम्बर दिन सोमवार को दोपहर 1:00 बजे प्रधान कार्यालय सीहोर में आयोजित की गई है। साधारण सभा की अध्यक्षता कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक बालागुरू के. द्वारा की जाएगी। बैंक के प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी मनोज शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि बैंक प्रतिनिधियों/प्रशासकों को वार्षिक साधारण सभा में सम्मिलित होने के लिये सूचना पत्र भिजवाये गये है। सभा में वर्ष 2024-25 में हुये आय-व्यय की जानकारी देते हुये अनुमोदन किया जायेगा, तथा आगामी वर्ष के लिये बैंक के वार्षिक वजट एवं विभिन्न मदो में आय-व्यय के प्रावधानो को स्वीकृति प्रदान की जावेगी। सभी अतिथियो के स्वागत सत्कार एवं भोजन की व्यवस्था भी की गई है, जिले की सहकारी समितियो के बैंक प्रतिनिधियो/प्रशासको से बैंक की वार्षिक साधारण सभा में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

## पितरों के मोक्ष के लिए कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ



**भैरुंदा।** नगर में श्राद्ध पक्ष में पितरों के मोक्ष ने लिए सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा शुरुआत सोमवार को कलश यात्रा के साथ हुई। सोमवार सुबह गायत्री मंदिर में विधिवत पूजन अर्चना के साथ कलश यात्रा की शुरुआत हुई। बग्गी पर सवार कथा वाचक आचार्य आयुष्मान तिवारी के साथ मातृशक्तियो ने सिर पर कलश धारण कर शोभायात्रा की शुरुआत की। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में मातृशक्तिया, श्रद्धालुओं शामिल हुए और कलश से ध्वज लिए चले। वहीं गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें हरे रमा हरे कृष्णा जपते हुए भक्तों ने हाथों में ध्वज लिए चले। गायत्री मन्दिर से कथा स्थल कलश यात्रा निकाली गई। जो नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। इस दौरान जगहों जगहों नगरवासियों व्यापारियों संगठनो ने पुष्पवर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं भाजपा पार्टी के कार्यकताओं ने भी दुर्गा मन्दिर चौक पर कलश यात्रा का पुष्ववर्षा कर स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष रवि मालवीय, नगर परिषद् अध्यक्ष मारुति शिशिर, मण्डल अध्यक्ष आशीष शर्मा, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वहीं बग्गी पर सवार आचार्य आयुष्मान तिवारी का साल श्री फल भेंट कर स्वागत किया गया। संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा 8 का आयोजन सितंबर से 14 सितंबर तक कथा स्थल मिलन मैरिज गार्डन में आचार्य आयुष्मान तिवारी के मुखारविंद से रसपान कराया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 1 बजे प्रारंभ होकर 4 बजे आरती के साथ समापन होंगी।

शास्त्रों अनुसार पितरों की शांति के लिए श्रीमद् भागवत कथा पितृ पक्ष में श्रवण करने से पितरों को शांति मिलती है। कथा श्रवण करने वालों के परिवार के लिए पुण्यदायी भी रहती है। श्रद्धा भाव से पितरों के पूजन तर्पण से मानव को सुख समृद्धि की प्राप्ति होती है। मनुष्य देवच, पितृ एं ऋषि ऋणि होता है, भागवत सुनने से उन्हें इन ऋणों से मुक्ति मिल जाती है।

### लाड़ली बहना : नवीन आवेदन की प्रक्रिया बंद

**सीहोर।** जिले में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के नवीन आवेदन लेने की प्रक्रिया पूर्णतः बंद कर दी गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने बताया कि कुछ संगठन, यूनियन और अन्य लोग योजना के आवेदन भरवाने के नाम पर अवैध वसूली कर रहे हैं और लोगों को भ्रमित कर रहे हैं। ऐसा होने पर नागरिक जिला कार्यक्रम अधिकारी से संपर्क करें।

### सभी अधिकारियों ली साक्षरता की शपथ




**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. तथा जिला पंचायत सीईओ डॉ नेहा जैन ने भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत सभी अधिकारी कर्मचारियों को शपथ दिलाई। अपने गांव, शहर, मोहल्ले को संपूर्ण साक्षर करने के लिए अपना पूर्ण योगदान देने तथा अपने घर, परिवार, पड़ोस एवं गांव, शहर के सभी असाक्षरों को चिन्हांकित कर उन्हें साक्षर होने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। सभी साक्षर साथियों को अक्षर साथी बन कर राष्ट्र को संपूर्ण साक्षर बनाने में अपना योगदान देने के लिए प्रेरित करने तथा अपने क्षेत्र में चल रहे सामाजिक चेतना केंद्र में भी यथा संभव सहयोग देकर अपने गाँव, मोहल्ले, शहर को सम्पूर्ण साक्षर बनाने की शपथ दिलाई गई।

## 6 दिवसीय एक सप्ताह वन वीक अटल प्रोग्राम एफडीपी का हुआ आयोजन




**सीहोर।** श्री सत्यसाईं विश्वविद्यालय सीहोर की स्कूल आफ होटल मैनेजमेंट इकाई में 6 दिवसीय एक सप्ताह वन वीक अटल प्रोग्राम एफडीपी का आयोजन कुलगुरु डॉक्टर मुकेश तिवारी के मार्गदर्शन में प्रारंभ हुआ ।

इसके उद्घाटन समारोह में डॉक्टर एके सिंह पूर्व डायरेक्टर मध्य प्रदेश टूरिज्म मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए । इस कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक डॉक्टर शाहब अहमद ने बताया कि यह एफडीपी 8 से 13 सितंबर तक चलेगी। इसका शीर्षक टेक्नालोजीकल अपग्रेशन इन होटल एंड केटिरंग एंड लायइंग स्ट्रोल फाउंडेशन ऑफ हॉस्पिटलटी एंड टूरिज्म सेक्टर है । इसमें देश के नामचीन शिक्षण संस्थानों के प्रोफेसर एवं शिक्षकों ने रजिस्ट्रेशन करा कर हिस्सा लिया , आज के इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर विवेक शर्मा ने अपने दोनों सेशन में इस विषय के प्रमुख बिंदुओं पर अपने व्याख्यान प्रस्तुत किया । एआईसीटीई अटल और श्री सत्य साईं विवि सीहोर का मुख्य उद्देश्य है कि होटल मैनेजमेंट एवं टूरिज़्म सेक्टर के क्षेत्र में नवीनतम तकनीकों की जानकारी प्रदान करना एवं शिक्षकों को प्रशिक्षण देकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की दिशा में सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम में कुल सचिव डॉ हेमंत शर्मा , परीक्षा नियंत्रक डॉ संजय राठौर, सभी विभाग के प्राचार्य, शिक्षक गण छात्र छात्राएं उपस्थित थे । कार्यक्रम का सफल संचालक देशदीपक द्वारा किया गया।

### भाजपा की जिला कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न

# सेवा पखवाड़े के तहत आयोजित किए जाएंगे अनेक कार्यक्रम, बैठक में लिए जरूरी निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर




भारतीय जनता पार्टी सीहोर की कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें विशेष रूप से भाजपा संगठन के आगामी कार्यक्रम जो कि सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित किए जाने है। उन सभी कार्यक्रमों को लेकर उक्त बैठक में दिशा-निर्देश समस्त मण्डल अध्यक्षों को दिए गए। बैठक की शुरुआत राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा, विधायक सुदेश राय व विधायक गोपाल इंजीनियर द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीरों पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन करने के साथ की गई। बैठक को संबोधित करते हुए राजस्व मंत्री द्वारा कहा गया कि हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर को है। इसे हमें भव्य रूप से सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाना है।

मैं समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं से आह्वान करता हूं कि समस्त कार्यक्रमों को हम भव्य रूप से आयोजित करें। तत्पश्चात भाजपा जिलाध्यक्ष नरेश मेवाड़ा द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा गया प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के माध्यम से समाज के गरीब, शोषित तथा वंचित वर्गों के उत्थान के लिए अनेक सामाजिक कार्य प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हो रहे हैं, उनका व्यक्तित्व अद्वितीय है। प्रतिवर्ष विभिन्न प्रकार की सेवा एवं सामाजिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हैं और उनकी दीर्घायु एवं स्वस्थ रहने की कामना करते हुए प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व से प्रेरणा लेते हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के निर्देशन अनुसार सेवा पखवाड़ा 17 सितम्बर प्रधानमंत्री के जन्मदिन से लेकर 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बस स्टैंड , रेलवे स्टेशन आदि पर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम, प्रत्येक बूथ पर एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण कार्यक्रम, सभी मण्डलों में रक्तदान शिविर आयोजित करना, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वास्थ्य शिविर आयोजित करना, जिला स्तर पर कालेज व सभागार में प्रधानमंत्री के जीवन पर आधारित डाक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन, जिला स्तरीय प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन, वोकल फॉर लोकल का प्रचार, ग्राम स्तर से लेकर लोकसभा स्तर तक सांसद खेल कूद प्रतियोगिता, मोदी विकास मैराथन, 25 सितंबर को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया जाना, 2 अक्टूबर को गांधी जयंती व लालबहादुर शास्त्री की जयंती पर भी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इसी के साथ बैठक को सीहोर विधायक सुदेश राय व आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर द्वारा भी संबोधित किया गया।

बैठक में विशेष रूप से राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, सीहोर विधायक सुदेश राय, आष्टा विधायक गोपाल इंजीनियर, जिला प्रभारी बहादुर सिंह मुकाती, जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता, धारासिंह पटेल, सीहोर नगरपालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेन्द्र सिसोदिया मंचासीन रहें। बैठक का संचालन भाजपा जिला मंत्री जितेंद्र गौड़ द्वारा किया गया। बैठक में समस्त कार्यकर्ताओं का आभार मण्डल अध्यक्ष सुदीप प्रजापति द्वारा किया गया। बैठक में भाजपा जिला पदाधिकारी, टोली के सदस्य समस्त मण्डल अध्यक्ष व मण्डल महामंत्री उपस्थित रहें।

### सीसी सड़क का किया भूमि-पूजन



**भैरूंदा।** नगर के क्रमांक 14 पार्क कॉलोनी में सीसी रोड का भूमिपूजन हुआ भूमि पूजन के इस अवसर पर नपा अध्यक्ष मारुति शिशिर उपाध्यक्ष, प्रतिनिधि रितेश मकवाना, भाजपा मंडल मंत्री रवि पंवार, ओम पटेल, वार्ड के गणमान्य नागरिक सेंगर सर, दुर्गेश व्यास, पंकज , सोनल, प्रियांश अग्रवाल, राजू चावड़ा, रमेश मालवीय , सहित सीएमओ राम प्रसाद भावरे सहित सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कॉलोनी वासियों की जलभराव की समस्या का समाधान होगा।

**Name&Date of birth Change Information**

I Kailash Chandravanshi Father of Manohar Chandravanshi R/O Gudbhela Sehore MP-466001 Changed My DOB from 01.07.1975 01.07.1965 Vide affidavit NO CZ 194144 dt 02 SEP 2025.

I Bhagwati Bai Mother of Manohar Chandravanshi R/O Gudbhela Sehore MP 466001 Changed My Name from. Bhagwati Devi to Bhagwati Bai and DOB from 01.07.1980 to 01.01.1970 vide affidavit No CZ 194145 dt 02 SEP 2025

भक्तों ने भगवान गणेश से की सुख, शांति, समृद्धि की कामना, राज्य मंत्री टेटवाल रहे समारोह में उपस्थित

# अनंत चतुर्दशी चल समारोह में आकर्षक झांकियों व अखाड़ों के साथ किया गया गणपति विसर्जन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ-सारंगपुर

अनंत चतुर्थदशी के उपलक्ष्य में हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में निकाली गई भव्य झांकियां एवं अखाड़ों के प्रदर्शन ने पूरी रात नगरवासियों का मन मोह लिया।

इस वर्ष पहली बार पारंपरिक मार्ग परिवर्तन कर झांकियों एवं अखाड़ों का संचालन किया गया, जिसे नागरिकों ने सराहनीय बताया। कभी सारंगपुर में 30 से 40 झांकियां और अखाड़े निकलते थे, लेकिन पिछले चार वर्षों से यह परंपरा विलुप्त होने की कगार पर थी। हिंदू उत्सव समिति के हाल ही में हुए निर्वाचन में युवा अध्यक्ष डॉ. ध्रुव भल्ला के नेतृत्व में नई कार्यकारिणी गठित की गई। राज्य मंत्री गौतम टेटवाल को मार्गदर्शक मंडल का मुखिया मनोनीत कर समिति ने झांकी कलाकारों से संपर्क साधा और मार्ग परिवर्तन कर व्यायामशाला से गांधी चैक, सदर बाजार, मंडाई, रंगेरवाड़ी, बागकुआ, परशुराम चैक, बस स्टैंड होते हुए कालीसिंध विसर्जन कुंड तक का नया मार्ग निर्धारित किया। शनिवार रात जैसे ही झांकियां महाकाल चैक पहुंचीं, वहां राज्य मंत्री गौतम टेटवाल ने अखाड़े में अपनी कलाबाजी से दर्शकों का मनमोह लिया। वहीं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल ने भी अखाड़ों में दमखम दिखाकर तालियां बटोरीं। कलाकारों ने हैरतअंगेज कलाओं का प्रदर्शन कर जनसमूह को रोमांचित कर दिया।

### आकर्षक रही झांकियां

इस बार "ऑपरेशन सिंदूर", "नानीबाई का मायरा", "समुद्र मंथन" जोगी आया जैसी कलाकृति वाली झांकियों ने लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। नगर की सड़कों पर जनसैलाब उमड़ आया और दर्शकों ने समिति व कलाकारों की सराहना की।

### हुआ स्वागत व सम्मान

हिन्दू उत्सव समिति,महादेव मित्र मंडल जनशक्ति युवा मंच पुष्पद समाज ने झांकी व अखाड़ों के कलाकारों का सम्मान कर उनका उत्साह बढ़ाया। महात्मा फुले, सनातन रक्षा मंच, माली समाज, लायंस क्लब सहित अन्य संगठनों ने भी सफा, रुपट्टा व शील्ड भेंट कर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान हिंदू उत्सव समिति के मंच से सुरक्षा की जिम्मेदारी निभा रहे एसडीओपी अरविंद्र सिंह को राज्य मंत्री ने साफा पहनाकर सम्मानित किया। वहीं थाना प्रभारी आकांक्षा हाड़ा के नेतृत्व में पुलिस जवानों ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा व्यवस्था संभाली।

### पुलिस एवं प्रशासन द्वारा व्यापक स्तर पर रहीं तैयारियां



दस दिनों तक चले गणेशोत्सव पर्व के समापन उपरान्त अनंत चतुर्दशी से आरंभ हुआ प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्य रविवार शाम तक चलता रहा। अनंत चतुर्दशी की शाम से लेकर अगले दिवस तक समितियों द्वारा छोटे पुल स्थित विसर्जन कुंड में प्रतिमाओं को विसर्जित करते हुए विघ्नहर्ता भगवान गणेश के जयकारे लगाते हुए क्षेत्र में सुख, शांति, समृद्धि की कामना की गई। नदियों सहित अन्य जल-स्त्रोतों में बनाए गए विसर्जन कुंडों में पानी के तेज बहाव के चलते पुलिस एवं प्रशासन द्वारा पूर्व से व्यापक स्तर पर तैयारियां कर ली गई थी ताकि किसी तरह की कोई घटना न होने पाए। इस दौरान होमगार्ड की एसडीआरएफ टीमें तैनात की गई ताकि आपदा जैसी स्थिति से निपट जा सके।

### खिलचीपुर में विसर्जन के दौरान हुई घटना

जिले में सभी जहां व्यवस्थित रूप से विसर्जन कार्य पूर्ण हुआ लेकिन खिलचीपुर में एक घटना भी सामने आई है। यहां विसर्जन के दौरान शनिवार रात्रि गाड़गंगा नदी में चार युवक बह गए जिनमें से तीन स्वयं तैरकर बाहर निकल आए वहीं तीसरे को पुल से खींचकर बचाया गया। जानकारी के अनुसार नदी तेज बहाव में थी वहीं नदी का एक नाला खुला हुआ था। रात्रि करीब 11 बजे नगर निवासी दुर्गेश, रवि, राजेंद्र और राकेश मना करने के बावजूद नदी में उतरे और ट्यूब पर प्रतिमा रखकर आगे बढ़े। बाद में युवक तेज बहाव में बहने लगे पर तीन युवक किसी तरह तैरकर निकल आए वहीं चैथे को सुरक्षाकर्मियों ने खींचकर बाहर निकाला।

ग्रामीणों ने किया चक्काजाम प्रशासनिक आदेश हवा में

# गोपालपुरा नेशनल हाईवे पर गोवंशों की मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारंगपुर

गोपालपुरा नेशनल हाईवे पर रविवार सुबह एक दर्दनाक हादसा सामने आया, जब अज्ञात ट्रक ने सड़क पर बैठे बेसहारा गौवंश को कुचल दिया।

हादसा इतना भयावह था कि दृश्य देखकर ग्रामीणों का दिल दहल उठा। सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए और आक्रोशित होकर हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। ग्रामीणों की मांग थी कि दोषी वाहन चालक पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ग्राम निहाल की गोचर भूमि रिक्त कराई जाए और तत्काल गोशाला खोली जाए। जब तक उनकी मांगों पर आश्वासन नहीं मिला, तब तक ग्रामीण सड़क से हटने को तैयार नहीं हुए। सूचना पर पुलिस व राजस्व प्रशासन मौके पर पहुंचा लेकिन ग्रामीण अड़े रहे। अंततः एसडीएम रोहित बम्होरे के समझाने और जल्द कार्रवाई के आश्वासन के बाद ही जाम खुल पाया। इस दौरान हाईवे पर दोनों ओर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया था।

### आदेश कागजों में सिमटे

*ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि कलेक्टर राजगढ़ के निर्देश पर नगर पालिका द्वारा सड़क से गोवंश हटाने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन वह केवल कागजों तक ही सीमित रह गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ज्योति सुनेरे ने कर्मचारियों की तैनाती का आदेश दिया था, किंतु उसकी कोई पालना नहीं हुई।*

### कब तक मरता रहेगा बेसहारा गौवंश?

*गोवंश संरक्षण के नाम पर सरकार और प्रशासन केवल आदेश निकालने तक सीमित रह गया है। न तो नियमित मॉनिटरिंग हो रही है और न ही गोशालाओं की स्थापना। परिणामस्वरूप सड़क पर बैठे-बैठे हर साल अनगिनत बेसहारा गौवंश दुर्घटनाओं का शिकार होते रहते हैं। अब देखना यह होगा कि कलेक्टर के आदेशों की अनदेखी करने वाले जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई होती है या फिर एक बार फिर यह मामला ठंडे बस्ते में चला जाएगा।*

# संस्कार एकेडमी पचोर में श्रीगणेश प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचोर



नगर के आवासीय सीबीएसई विद्यालय संस्कार एकेडमी में श्रीगणेश उत्सव के उपलक्ष्य में प्रतिमा विसर्जन कार्यक्रम धूमधाम से सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर प्रातः हवन-पूजन के साथ पूर्णाहुति की गई। विद्यालय के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं प्रबंधक मंडल ने अपनी ओर से विभिन्न प्रकार के पकवान तैयार कर भगवान श्रीगणेश एवं लड्डू गोपाल जी को छप्पन भोग अर्पित किया। इसके उपरांत गणपति विसर्जन शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बोर्डिंग के सभी विद्यार्थियों, शिक्षकगण एवं प्रबंधक मंडल ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नृत्य करते हुए भाग लिया। शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्ग से होते हुए मोहनपुरा कुण्ड तक पहुँची, जहाँ विधि-विधान से पूजन कर श्रीगणेश प्रतिमा का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र छप्पन भोग के दर्शन, श्री गणेश झाँकी की सजावट तथा नारियल से निर्मित श्री गणेश झाँकी रही। अंत में छप्पन भोग को पैकेट बनाकर सभी विद्यार्थियों में प्रसाद स्वरूप वितरित किया गया ।विदित है कि विगत दस दिनों से संस्कार एकेडमी में विधि विधान से दोनों समय आरती के साथ बोर्डिंग छात्रों द्वारा भजन संध्या में की जा रही थी, जिससे बच्चों को अपने धर्म और संस्कृति से जुड़ने का मौका मिला यह भव्य आयोजन विद्यालय प्रबंधक मंडल दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा, प्राचार्य राजेश कुमार शर्मा, कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद, कवलप्रीत एवं एच ओ डी रियांशी गोयल के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में गौरव निगम, राधेश्याम नागर, उमेश नागर, कुलदीप शर्मा, महेंद्र शर्मा एवं समस्त विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा।

# सीएम राइज स्कूल भवन का निरीक्षण कर भड़के विधायक, लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

करोड़ों की लागत से निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन में सामने आई खामियों को लेकर विधायक मोहन शर्मा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन की दीवारों में दरारें, सीलन और घटिया निर्माण कार्य साफ दिखाई दिए, जिस पर विधायक ने सुपरवाइजर और पीआईयू इंजीनियर को कड़ी फटकार लगाई। विधायक ने कहा कि शासन की महत्वाकांक्षी योजना में इस तरह की लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय जांच की मांग की और आश्वासन दिया कि इस मामले की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री से की जाएगी। करीब 44.54 करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन का काम पिछले साल पूरा होना था, लेकिन अब भी लगभग 25 प्रतिशत निर्माण अधूरा है। अधूरे भवन में कक्षाओं की शुरुआत किए जाने से छात्रों और अभिभावकों में भी नाराजगी है। विधायक के निरीक्षण के बाद अब उम्मीद जताई जा रही है कि दोषियों पर कार्रवाई होगी और घटिया निर्माण की हकीकत सामने आएगी।

क्लीन एयर फॉर स्काय वीक के तहत हुए आयोजन

# नर्सिंग कॉलेज में रंग-बिरंगे रंगों से वायु प्रदूषण के दुष्परिणामों को किया रेखांकित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

'क्लीन एयर फॉर स्काय वीक' के तहत रविवार को नर्सिंग कॉलेज राजगढ़ एवं जिला अस्तपाल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान नर्सिंग कॉलेज में जहां छात्राओं ने रंग-बिरंगी रंगोलियों के माध्यम से वायु प्रदूषण और उसके दुष्प्रभावों को रेखांकित किया वहीं जिला अस्पताल में मौजूद लोगों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जागरुक करने का प्रयास किया गया।

कॉलेज में बनाई गईं इन रंगोलियों में पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ वायु हेतु कई रचनात्मक संदेश भी उकेरे गए थे। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल कॉलेज पहुँचीं और छात्राओं द्वारा बनाई गई कलात्मक रंगोली, चित्रों तथा नारे-पोस्टरों की सराहना की। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास न केवल रचनात्मकता को दर्शाते हैं, बल्कि आमजन को पर्यावरण के प्रति जागरूक करने का सशक्त माध्यम भी हैं।

### प्रदूषण कम करने के प्रयासों के तहत लिया संकल्प

*सीएमएचओ डॉ. पटेल ने बताया कि वातावरण में प्रदूषण के कई घटक होते हैं, जैसे- धूलकण, वाहनों से निकलने वाला धुआँ, उद्योगों से उत्सर्जित गैसें आदि। उन्होंने इन प्रदूषकों से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी दुष्प्रभावों की भी जानकारी दी और युवाओं से अपील की कि वे इस विषय पर समाज में जागरूकता फैलाएं। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने स्वच्छ वायु हेतु शपथ ली और प्रदूषण कम करने के उपायों जैसे पेड़ लगाना, साइकिल चलाना, कचरा न जलाना आदि को अपनाने का संकल्प लिया। कॉलेज प्रशासन ने इस पहल को छात्रों के सर्वांगीण विकास और सामाजिक योगदान से जोड़कर देखा। इस अवसर सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल, डॉ महेंद्रपाल सिंह और कालेज प्रिंसिपल मनीषा हटीला सहित छात्राएं मौजूद थीं।*

# छापी बांध पर हुआ गणेश विर्सजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



गणेशोत्सव के अन्तिम दिवस अनन्त चतुर्दशी एवं अनन्त चतुर्दशी के दुसरे दिवस पर गणेश जी की प्रतिमा का विसर्जन हुआ। उल्लेखनीय है कि नगर में जगह-जगह एवं घर घर विराजे गणेश गजानंद भगवान को छापी बांध पर भक्तगण ढोल-ढमाकों, भजन-कीर्तन और नृत्य के साथ लेकर गये। छापीडेम पर शान्ति समिति की मीटिंग में लिए निर्णय के मुताबिक गणेश जी कि प्रतिमाओं को विसर्जन को लेकर नगर परिषद एवं पुलिस प्रशासन द्वारा चाक चैबंद व्यवस्था की गई एवं नगर परिषद के द्वारा छापीडेम पर सभी झांकी एवं घर-घर, आफिस मे विराजे गणेश भगवान की प्रतिमा को विसर्जित करने आए सुबह से श्रद्धालुओं से एक जगह एकत्रित कर उन्हें नाव से जल में विसर्जन किया गया। गणपति बप्पा मोरया के जयकारों से पूरा माहौल भक्तिमय हो उठा। भक्तों ने गजानंद को विदाई देते समय भावभीनी नम आंखों से बिदाई दी और अगले वर्ष पुनः आने की प्रार्थना की। इस मौके पर सीएमओ हरीओम शर्मा के निर्देश पर नगर परिषद अमला प्रभारी सीएमओ देवनारायण दांगी, उप यंत्री ब्रजेश उपाध्याय, दरोगा आजाद झावा, मनीष झावा, जितेंद्र तिवारी एवं थाना प्रभारी रवि ठाकुर के निर्देशन पर 112 डायल पायलट मोहन मेवाड़ा, लखन मेवाड़ा पुलिस बल रहा।

आवासीय भूमि के लिए प्रेस क्लब भवन की रखी मांग, सौंपा पत्र

# प्रेस क्लब ने तृतीय वर्ष भी किया शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर




शासकीय कन्या हाई सेकेंडरी स्कूल परिसर में स्थानीय प्रेस क्लब द्वारा तृतीय वर्ष में भव्यता पूर्ण शिक्षक एवं सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वर्तमान में कार्यरत शिक्षक, शिक्षिकाये तथा सेवानिवृत्त शिक्षकों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक हजारीलाल दांगी विशेष अतिथि जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि कालूसिंह तोमर। अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन कुशवाहा ,विक्रम सिंह राठौड़ पूर्व डीपीसी, पेन्शनर अध्यक्ष मोहनलाल पुष्पद,बालचंद्र दांगी ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिसमें अतिथियों के साथ पत्रकारों ने सहभागिता की। स्वागत भाषण प्रेस क्लब अध्यक्ष अजय टेलर ने शिक्षकों का अभिनंदन कर शुभकामनाएं दीं।

प्रेस क्लब उपाध्यक्ष ओम राठौर ,सह सचिव रवि टेलर , संरक्षक मनीष राठोर ने कहा कि जीवन में शिक्षकों के महत्व को विशेष है जीवन में सफलता के लिए गुरु का मार्गदर्शन कितना आवश्यक है यह महत्वपूर्ण है, वहीं संरक्षक शमशेर खान ने कविता पाठ कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर आवासीय भुमि प्रेस क्लब भवन की मांग सम्बन्धित पत्र विधायक को सौंपा। इस अवसर पर अतिथियों ने अपने विचार रखते हुए शिक्षकों को समाज का विशेष महत्व पुर्ण स्थान रखने वाला अंग बताया जो हर बच्चे का निर्माण कर उसे शैक्षणिक स्तर से उच्च स्तर तक पहुंचा कर भविष्य निर्माण करता है। विधायक हजारीलाल दांगी ने शिक्षकों केमहत्व को बताया एवं कहा कि ऐसा आयोजन स्थानीय प्रेस क्लब करती है जो अपने आप में एक अनोखा आयोजन है उन्होंने मुक्त कंठ से भूरी-भूरी प्रशंसा सराहना की। इस आयोजन को प्रेरणादायक बताय। साथ ही पत्रकारों द्वारा रखी गई मांगों पर सकारात्मक रुख भी प्रकट किया। इस मौके पर पर विशेष रूप से प्रेस क्लब के आयोजन में सहभागिता निभाने वाले प्राचार्य देवेंद्र शर्मा कन्या शाला , प्राचार्य राधेश्याम पुरविया, शिक्षिका आराधना शर्मा, पवन भावसर को भी धन्यवाद प्रेषित किया। कार्यक्रम का व्यवस्थित संचालन संरक्षक दिनेश जमींदार द्वारा करते हुए बताया कि गुरूओं का सम्मान कर प्रेस क्लब अभिभुत है। इस मौके पर प्रेस क्लब कोषाध्यक्ष योगेश भावसार , उपाध्यक्ष राजेश राठौर , वसीम खान,शरद भावसार, रजनीश राठौर ने विशेष व्यवस्था कर कामयाबी के शिखर पर पहुंचाया। सम्मान समारोह में बड़ी संख्या में उपस्थित शिक्षकदृशिक्षिकाओं के चेहरे पर उत्साह और गर्व की झलक नजर आ रही थी जो यह कहते पाए गए कि ऐसा आयोजन पूरे जिले में कहीं नहीं होता है यह हमारे नगर के प्रेस क्लब के लिए बड़ा सौभाग्य है उन्हें ऐसे सफलतम आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष के प्रथम आगमन पर हुआ स्वागत



**करेड़ी।** राजगढ़ में कांग्रेस के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों की धुन पर नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का माला पहनाकर स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थित कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष महेंद्र सिंह पंवार करेड़ी सत्यनारायण बैरागी दीपक सोधिया भगवान सिंह पंवार सहित कार्यकर्ता मौजूद रहे वही जिला अध्यक्ष द्वारा कार्यकर्ताओं को संबोधित किया गया।

# खुजनेर निवासी शिक्षक अब्दुल मजीद शिक्षा रत्न से हुए सम्मानित



**राजगढ़।** शिक्षकों को रचनात्मक कार्य करने के लिए प्रेरित करने वाले शिक्षक संदर्भ समूह द्वारा गत दिवस प्रदेश की राजधानी भोपाल में शिक्षा रत्न सम्मान का आयोजन किया गया था। इस सम्मान समारोह में जिले के खुजनेर निवासी शिक्षक अब्दुली मजीद को शिक्षा रत्न सम्मान से नवाजा गया। आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह, पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी, पूर्व सीएस शरदचंद्र बैहर सहित जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में मजीद से सम्मान से नवाजे गए। मजीद घार जिले में जनजातीय विभाग के माध्यमिक विद्यालय रणगांव में सेवारत हैं। शासकीय शिक्षक बनने के पूर्व वे राजगढ जिले के विभिन्न स्कूलों में बतौर अतिथि शिक्षक कार्यरत थे। उल्लेखनीय है कि शिक्षक संदर्भ समूह विगत 15 वर्षों से रचनात्मक कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान कर विद्यालय को आनंद के घर के रूप में विकसित करने के लिए प्रेरित कर रहा है।

## खबर संक्षेप

### राम मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा



**जावर।** कलयुग में संसार के सारे बंधनों से मुक्त होने का मार्ग है तो वहां सिर्फ भक्ति मार्ग है। कलयुग में अगर मोक्ष प्राप्त करना है तो सभी को सत्कर्म धार्मिक आयोजन भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। श्रीमद् भागवत कथा ही सभी को जन्म-जन्म के बंधन से तार देती है। उक्त वचन परम पूज्य गुरुदेव शुभम दुबे के श्रीमुख द्वारा ग्राम मेहतवाड़ा में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कही गई। यहां कथा श्री राम मंदिर में 100 साल से भी पूर्व से चलती आ रही है। जिसका नगर में चल समारोह निकालकर समापन किया गया। कथा में श्री राम मंदिर समिति अध्यक्ष फतेह सिंह भगत, गंगाराम, फूल सिंह, राय सिंह, सज्जन सिंह, प्रेम सिंह, अके सिंह जागीरदार, मांगीलाल भगत, सतीश दुबे, मुकेश कुमार, मोहन कुमार, अके सिंह, शक्ति सिंह पटेल, विजेंद्र सिंह और गांव के सभी वरिष्ठ जन माताएं बहने एवं युवा साथी सम्मिलित हुए।

### पूर्व विधायक संजय शुक्ला का किया स्वागत



**जावर।** पूर्व विधायक इंदौर के दादा दयालु के नाम से प्रसिद्ध भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित संजय शुक्ला का इंदौर पहुंचकर जावर नगर परिषद के पार्षद अजय गब्बर के नेतृत्व में सी 21 बिजनेस पार्क में स्वागत किया गया और प्रतीक चिन्ह भेंट किया। जावर श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर पधारने का निमंत्रण दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता पार्षद अजय गब्बर ओर समाज सेवी राधेश्याम चंदेल, अभिषेक बालाजी, भाजपा नेता शैलेन्द्र ठाकुर,गोलू शर्मा सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

वार्ड 15 में नहीं होती साफ-सफाई, जगह-जगह लगे कचरे के ढेर और गंदगी के अंबार, नागरिकों में आक्रोश

# भाजपा और कांग्रेस को छोड़ निर्दलीय पर जताया था विश्वास लेकिन अब भरोसे पर खरा नहीं उतरे पार्षद तेज सिंह राठौर



## वार्ड क्रमांक 15 की कहानी लोगों की जुबानी

जनसंख्या के हिसाब से नगर पालिका के सबसे बड़े वार्ड में लोगों को विकास कार्यों की दरकार है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

अब से तीन साल पहले हुए नगरीय चुनाव में शहर के 18 वार्डों में से 5 वार्ड ऐसे थे जहां मतदाताओं ने दोनों प्रमुख राजनीतिक दल भाजपा-कांग्रेस के प्रत्याशी को दरकिनार कर निर्दलीय प्रत्याशी पर भरोसा जताया था। लेकिन अब नागरिक अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। दरअसल नागरिकों ने भाजपा और कांग्रेस के प्रत्याशी को छोड़कर निर्दलीय को इसलिए चुना था कि वार्ड में विकास होगा नाली , सड़क , पानी जैसी मूलभूत समस्याओं का समाधान होगा। लेकिन निर्दलीय जीते इस वार्ड के पार्षद के तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है फिर भी इस वार्ड के पार्षद वार्ड के नागरिकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर सके है ऐसे में अब नागरिकों को अपनी समस्याओं के लिए



इधर उधर भटकना पड़ रहा है। आपको बता दें की 20 जुलाई 2022 को प्रदेश में हुए नगरीय निकाय चुनावों में आष्टा नगरपालिका के वार्ड 15 से निर्दलीय चुनाव लड़े तेजसिंह राठौर को 1744 मत प्राप्त हुए थे वही भाजपा के निलेश खंडेलवाल को 1478 मत प्राप्त हुए थे ऐसे में तेजसिंह राठौर ने 266 मतों से जीत दर्ज की थी। लिहाजा तेजसिंह राठौर ने कुछ दिनों बाद ही वार्ड का विकास का हवाला देते हुए मध्यप्रदेश की सत्ताधारी भाजपा की सदस्यता ले ली थी। लेकिन अब

### हरिभूमि वार्ड-स्कैन




गौरतलब है कि शहर का वार्ड क्रमांक 15 जनसंख्या और क्षेत्रफल की दृष्टि से बड़ा वार्ड है लेकिन जब हरिभूमि ने वार्ड परिक्रमा वार्ड स्कैन मुहिम के तहत वार्ड 15 के नागरिकों से समस्या जानना चाहा तो इस वार्ड के नागरिक मूलभूत समस्याओं सड़क, नाली, साफ सफाई से ही परेशान नजर आए और वार्ड पार्षद तेजसिंह राठौर पर वार्ड की समस्याओं पर ध्यान नहीं देने के गंभीर आरोप लगाए।

तीन वर्ष गुजर गए हैं फिर भी तेजसिंह राठौर नागरिकों से किए वादों को नहीं कर पा रहे हैं और तो और वार्ड की साफ सफाई,नाली, सड़क जैसी मूलभूत समस्याओं का तक निराकरण करने में पार्षद तेजसिंह राठौर विफल साबित हो रहे हैं।

### वार्ड में नागरिकों की नहीं हो रही सुनवाई, हर जगह है समस्या



बिल्कुल वार्ड के नागरिकों की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। वार्ड 15 में साफ सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है। जगह जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। नालियों की भी नियमित साफ सफाई नहीं हो रही है। जिससे इनके ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छता अभियान की धज्जियां उड़ रही है। इससे पता लगता है की आष्टा नगर पालिका स्वच्छता अभियान के प्रति कितनी गंभीर है वार्ड में जगह जगह लगे कचरों के ढेर और नालियों के बहते गंदे पानी इसकी गवाही दे रहे हैं।

**गुलाब बाई ठाकुर,** महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष

## क्या बोले वार्ड नंबर 00 के रहवासी

### समस्या पर नहीं ध्यान



शांति नगर में घर है लेकिन विगत कई वर्षों से नाली के पानी की समस्या से परेशान चल रहे हैं। कई बार पार्षद को भी समस्या के बारे में अवगत कराया लेकिन पार्षद ने हमारी समस्या का पर अभी तक ध्यान नहीं दिया ।

**पंकज महेश्वरी,** रहवासी

### समस्या नहीं हो रही हल



हमारे घर के पास नाली का पानी सड़कों पर बह रहा है। जिससे बहुत गंदगी हो रही है वही बच्चे भी बीमार होते है। सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराई फिर भी अभी तक हमारी समस्या को वार्ड पार्षद हल नहीं कर रहे है।

**रोहित महेश्वरी,** रहवासी

### 6 माह पहले बनी थी सड़क



6 माह पहले ही सड़क का निर्माण किया था। लेकिन कुछ माह में ही यह सड़क उखड़ने लग गई। सड़क गुणवत्ता पर सवाल खड़े होते हैं। निर्माण को लेकर जिम्मेदारों को बताया था की निर्माण कार्य में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है।

**शहजाद खा,** रहवासी

### घरो में घूस रहा गंदा पानी



सड़क के दोनों तरफ नालियों को निर्माण नहीं किया। जिसके चलते घरों की नालियों का गंदा पानी सड़क पर आ रहा है। घरों में भी गंदा पानी जा रहा है, जिससे गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। पार्षद ने हमारी आज तक सुनवाई नहीं की।

**रफीक खा,** रहवासी

### हो रही गंदगी



वार्ड में साफ सफाई पर बिल्कुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सब जगह कचरे के ढेर लगे होने के कारण गंदगी ही गंदगी हो रही है। आंगनवाड़ी जाने वाले रास्ते पर लगे गंदगी के ढेर के कारण बच्चे आंगनवाड़ी नहीं जाते हैं।

**कमल,** गुणवान रहवासी

### हो रहा कीचड़



नागरिकों को कीचड़ भरी गंदगी से निकलना पड़ता है। इसको लेकर पार्षद को भी अवगत कराया लेकिन तीन साल बाद भी समस्या को हल नहीं किया। हमारी मांग है कि यह सड़क बनाई जाय और इस कचरे के ढेर को यह से हटाया जाय।

**तेजपाल सिंह,** रहवासी

### जो भी समस्याएं वार्ड में है, सभी को हल करेंगे



जो समस्या आपके सामने आई है, जैसे आंगनवाड़ी के रोड वाली उसको लेकर सीएमओ के साथ निरीक्षण किया है, जल्द ही यह रोड बनेगा। वहीं जो पुराना दशहरा मैदान वाला रोड खराब हुआ है वो बारिश के समय बना है। मैने नागरिको से कहा था की बारिश का समय है दो महीने बाद सड़क बना देंगे, लेकिन उन्होंने बारिश में ही बनवा लिया। ऊपर से रोड बनते ही आवागमन बंद नहीं हुआ। जिसके कारण रोड में दिक्कत आई है।

**तेजसिंह राठौर,** पार्षद वार्ड 15

# अनंत चतुर्दशी पर चल समारोह में शामिल झांकियों को ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन ने किया पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अहमदपुर/दोराहा

श्री गणेश अनंत चतुर्दशी चल समारोह में शामिल झांकियों को ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन ने पुरस्कृत किया। प्रति वर्ष अनुसार इस वर्ष भी अनंत चतुर्दशी पर सीहोर जिले के ग्राम बरखेड़ा हसन में श्री गणेश भगवान की भव्य झांकियां चल समारोह के रूप में ग्राम के प्रमुख मार्गो से निकाली गई। बस स्टैंड श्री राम मंदिर पर ग्राम पंचायत बरखेड़ा हसन ने सभी झांकियों को नगदी तथा शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान श्यामपुर से भजन गायक योगेन्द्र शाक्य एंड पार्टी द्वारा सुमधुर भजनों से उपस्थित जन समूह को मंत्र मुग्ध किया। पंचायत सचिव पूनम चंद तिवारी ने बताया कि पुलिस व्यवस्था के लिए थाना अहमदपुर को मेडल प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मंच संचालन सचिव पूनम चंद तिवारी ने



किया। इस अवसर पर थाना प्रभारी अहमदपुर, ग्राम पटेल सतीश कुमार धूत, सरपंच हेमसिंह लोधी, डाक्टर रमेश राजपूत, रामेश्वर लोधी, शाकिर अली, राजेश लोधी, दिनेश कुमार नामदेव, फूल सिंह मेंबर, धनसिंह कुशवाह, महेश लोधी बंशीलाल साहू,नितेश नामदेव, बदामीलाल, सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी महिलाएं एवं जनप्रतिनिधि जन उपस्थित रहे।

# शिक्षकों ने उपवास रख ओपीएस बहाली की दिलाई याद



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

एनएमओपीएस जिला सीहोर द्वारा उपवास रख ओपीएस बहाली हेतु ध्यान आकर्षित किया गया। साथ ही सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान किया गया। आष्टा विकास खंड मे शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए उत्कृष्ट शिक्षकों का सम्मान, पुरानी पेंशन संघठन की ओर से किया। जिसमें रीना पाटीदार, बलराम वर्मा, अंजू ठाकुर, लक्ष्मी पाल, नीना माथुर, धर्मेंद्र सिंह चौहान, लक्ष्मी पाल, ताजवर, दीपक, राकेश परमार, अजय कलमोदिया, देवबगस, कमलेश खत्री, सुलोचना ठाकुर, पदमा परमार, विजेंद्र वर्मा ,संतोष परमार, निर्मला राठौर, चेन सिंह, करुणा भार्गव, ज्योति सोनी, कमल सिंह मालवीय, कमल सिंह मालवीय,सितवत खान, रामकली, राजेंद्र सिंह ठाकुर, को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सवाई सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष मदन परमार, मनीष सारसिया, राजेश गुणवादिया, कल्याण परमार, हेमराज, जीवन सिंह ठाकुर, राजपाल गुजर, विक्रम मालवीय, मुबारिक खान, हबीब खान, ज्ञान सिंह मेवाड़ा, गणपत सिंह वर्मा, शंकर लाल परमार, डोंगर सिंह ठाकुर, जीतमल मेहता, गजराज वर्मा, तेज सिंह ठाकुर, राकेश ताम्रकर, अखलेश ठाकुर, प्रकाश, कमल माचलिया, सुशील सोलंकी ,जुबेर खान, गोपाल ठाकुर आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

पर्युषण महापर्व के समापन पर 10 धर्म की आराधना के बाद जैन मंदिर से निकला चल समारोह

# महिलाओं ने पूजा, शांतिधारा कर किया अभिषेक व उपवास





हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

पर्युषण महापर्व के समापन पर 10 धर्म के आराधना के बाद श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से श्री जी का चल समारोह निकाला भगवान नेमिनाथ को बेदी पर विराजमान कर ग्राम के मुख्य मार्गो से होता हुआ दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंचा समारोह का जगह-जगह सम्मान कर श्री जी की आरती की गई चल समारोह में महिलाएं लाल कलर की साड़ी और सर पर मंगल कलश रखकर जुलूस का आकर्षण बड़ा रही थी। वहीं पुरुष सफेद कुर्ता पजामा पहने भगवान की भक्ति करते हुए बैंड बाजे के साथ भक्ति में झूमते हुए चल रहे थे। चल समारोह में बैंड बाजा के साथ जय घोष भी चल रहा था। जुलूस में सभी महिला पुरुष व बच्चे भगवान के भजनों पर आकर्षक नृत्य करते हुए चल समारोह की सोभा बड़ा रहे थे। चल समारोह मुख्य मार्ग से होता हुआ दिगंबर जैन धर्मशाला पहुंचा। जहां पर श्री जी को पाडूकशीला पर विराजमान कर शांति धारा अभिषेक कर पूजा अर्चना की गई पूजा अर्चना के बाद भगवान नेमीनाथ को पुनः मूल बेदी पर विराजमान किया गया। समापन अवसर पर महिलाओं ने मंगल गीत के साथ गरबा नृत्य कर उत्सव मनाया। पर्यूषण पर्व समापन के बाद समाज जनों ने उत्तम क्षमापर्व मना कर एक दूसरे से गलतियों के लिए क्षमा मांग कर 10 लक्षण महापर्व का समापन उत्साह से किया।

### पांच दिनी निर्जला उपवास संपन्न

मैहतवाडा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पर्यूषण पर्व के दौरान जैन धर्मा वलंबियों द्वारा 10 लक्षण पर्व के दौरान अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं इनमें समाज जनों द्वारा नियमित पूजा शांति धारा अभिषेक व उपवास भी किया जा रहे हैं। जिसमें समाज की संगीता राजकुमार जैन ने पांच दिवसी उपवास की साधना पूर्ण की। पांच दिनों की तपस्या के बाद समाज जनों द्वारा वृती को स्थानी निवास से बैंड बाजे के साथ चल समारोह निकाला गया। जो मुख्य मार्ग से होता हुआ दिगंबर जैन मंदिर पहुंचा। मंदिर से जैन धर्मशाला में सभी समाज जनों ने तपस्या पूर्ण होने पर वृति का पारणा करवाया। चल समारोह में अनेक संगठन व समाज जनों ने स्वागत और सम्मान किया इस दौरान बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित थे।

# जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव मेले का किया गया आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

सरस्वती विद्या मंदिर जावर में जिला स्तरीय संस्कृति महोत्सव एवं विज्ञान गणित मेले का आयोजन संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में स्वामी विवेकानंद से समिति के अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, सचिव बाबूलाल पटेल, जय नारायण राठौर कोषाध्यक्ष, विजेंद्र सिंह ठाकुर मंडल अध्यक्ष व इस प्रतियोगिता के संयोजक जगन्नाथ सुहागपुर, प्रभारी ब्रजमोहन गुर्जर और प्रबंधक हरपाल सोलंकी, कृष्णा राठौर दीदी की उपस्थिति में मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन कर उद्घाटन किया गया। निर्णायक की भूमिका में जीवन प्रजापति, पवन राठौर, कमलेश कुशवाहा, राहुल राठौर, कृष्णपाल सिंह ठाकुर, लक्ष्मी खत्री एवं सुदीप ठाकुर, कैलाश सोलंकी, मनीष सोलंकी, जितेंद्र ठाकुर आदि बंधु भगिनी के रूप में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता संपन्न होने के पश्चात समापन सत्र में भैया बहिनों को शील्ड और प्रमाण प्रदान कर प्रथम व द्वितीय स्थान पर सम्मानित किया। अतिथि परिचय आचार्य शौभाल सिंह ठाकुर द्वारा मंच संचालन सुरेंद्र शर्मा द्वारा एवं आभार प्रतियोगिता प्रभारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी आचार्य दीदी एवं अन्य अतिथि उपस्थित रहे।